तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 कोड़ाभाट का मुख्य मार्ग कीचड़ से सराबोर



## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि स्व-पंजीयन का अप्रूवल करवाना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग में अनिवार्य रूप से अप्रूवल कराना अनिवार्य है, ताकि स्व-पंजीयन सक्रिय होकर योजनांतर्गत किस्त की राशि आना प्रारंभ हो जाये। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र किसान द्वारा स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग ने अप्रूवल अनिवार्य रूप से कराया जाना है। संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक का योजनान्तर्गत पात्रता परीक्षण करेंगे तथा पात्र पाये जाने पर विकासखण्ड स्तर के पी.एम. किसान पोर्टल आई डी. में अप्रूवल हेतु समस्त दस्तावेज वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

### अपर कलेक्टर ने ली जिले के ट्रांसपोर्टरों की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन पर अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ट्रांसपोर्टरों के मालिकों एवं वाहन चालकों की बैठक ली। बैठक में वाहन चालकों द्वारा किए जा रहे चक्का जाम व बंद के आह्वान के संबंध में चर्चा की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि चक्काजाम करने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने वाहनों चालकों से अपील की है कि वे अन्य वाहन चालक जो स्वेच्छा से वाहन चला रहे हैं उन्हें परेशान न करें। निजी वाहनों तथा आवश्यक सेवा के वाहनों के संचालन में बाधा डालने का प्रयास न करें। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव, जिले के ट्रांसपोर्टर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अकलतरा क्षेत्र मे अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि अकलतरा क्षेत्र के कोटगढ का रवि उर्फ राजू कंवर द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। जिसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ एंव एक सफेद रंग वाली प्लास्टिक जरिकेन मे 10 लीटर जुमला 30 लीटर शराब कीमती 42 सौ रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### राष्ट्रीय इंटर डिस्टिक्स जूनियर एथलेटिक्स 7 से

**सक्ती।** 19वी राष्ट्रीय इंटर डिस्टिक्स जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 जनवरी को मिनी स्टेडियम टेमर में आयोजन किया जावेगा। जानकारी देते हुए संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी रजिस्ट्रेशन हेतु आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई डी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लायेंगें। 60 मी. दौड, लम्बी कूद, गोला फेंक, 600 मी. दौड कीड जेवलिन, अण्डर 16 बालक-बालिका टीथलान ए.बी.सी. 60 मी. दौड, 80 मी. हर्डल, 600 मी. दौड, हाई जम्प, लांग जम्प गोला फेंक, जेवलिन थ्रो। अण्डर 16 बालक-बालिका पेंटाथलान 60 मी दौड़, 80 मी. हर्डल, लांग जम्प, शॉट पुट 600 मी. दौड। अधिक जानकारी के लिए जिला एथलेटिक्स के सचिव एन.पी. गोपाल से जानकारी ले सकत है।

### हिट एंड रन कानून का विरोध, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपे ज्ञापन

# ड्राइवरों की हड़ताल, थमें बस-ट्रक व अन्य वाहनों के पहिए, कचहरी चौक में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हिट एंड रन कानून के विरोध में लामबंद वाहन चालक मंगलवार 2 जनवरी से कामकाज ठप करके हड़ताल पर चले गए हैं। इसी कड़ी में जिले भर के वाहन चालक कचहरी चौक पर इकट्ठे हुए और धरना प्रदर्शन किया। तत्पश्चात रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन भी सौंपा। वाहन चालकों के हड़ताल पर चले जाने से यात्री और स्कूल बसों के पहिए थम गए हैं। वही ट्रकों और अन्य मालवाहकों के भी नहीं चलने पर दैनिक उपयोग की वस्तुओं की सप्लाई पर इसका असर पड़ने लगा है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे हिट एंड रन कानून का वाहन चालकों द्वारा देशव्यापी विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में वाहन चालक महासंघ से जुड़े जिले के बस ट्रक व अन्य मालवाहकों के चालक इकट्ठे हुए। नए साल के पहले दिन सोमवार 1 जनवरी को कृषि उपज मंडी जांजगीर परिसर में उनकी बैठक हुई थी। जहां इस मुद्दे पर चर्चा करके महासंघ के आह्वान पर आयोजित हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत दूसरे दिन मंगलवार 2 जनवरी को जिले भर के वाहन चालक कचहरी चौक में पहुंचे और उनकी हड़ताल शुरू हो गई जहां उन्होंने शान द्वारा ले जा रहे इस कानून का पूरजोर विरोध किया। इस दौरान उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली भी निकली गई, और उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इधर वाहन चालकों की हड़ताल पर जाने से जिले में संचालित बस, ट्रक जीप, पिकअप टैक्सी सहित अन्य मालवाहकों के पहिए थम गए हैं। यात्री बसें जहां की तहां खड़ी हो गई है, तो स्कूल बसों के वाहन चालकों के भी हड़ताल में होने से स्कूलों में घोषित अवकाश रहा। इधर माल वाहक गाड़ियां भी जहां की तहां खड़ी हो गई है।



जिला मुख्यालय के पेट्रोल पंप में लगी ग्राहकों की भीड़।

#### अधिकांश पेट्रोल पंप हुए ड्राई

हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालक संघ द्वारा मंगलवार को हड़ताल पर चले जाने से जिला मुख्यालय जांजगीर समेत अन्य जगहों पर दैनिक उपयोग की वस्तुओं की सप्लाई पर असर हुआ। वहीं दूसरी ओर हड़ताल के चलते अधिकांश पेट्रोल पंप में ड्राई की स्थिति बनी रही। जिसके चलते बाइक एवं चारपहिया वाहनों को पेट्रोल के लिए भारी परेशानी हुई। वाहन चालक की हड़ताल बुधवार 3 जनवरी को जारी रहेगी।

### बाराद्वार में वाहन चालक संघ के हड़ताल का दिखा असर

**बाराद्वार।** देश भर में ड्राइवर के लिए जो नये नियम कानून लागू किए गए हैं उसके विरोध स्वरूप तीन दिन का सामूहिक हड़ताल पर ड्राइवर चले गए हैं तथा शासन से लगातार मांग की जा रही है की इस कानून को वापस लिया जाए। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता यूनियन के द्वारा बाराद्वार के समीप सकरेली भांठा में एक धरणा स्थल बनाया गया है यूनियन के सदस्य एन एच पर चल रहे उन गाड़ियों को जो अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और हड़ताल को समर्थन कर रहे उनको वहां पार्किंग की व्यवस्था बनाए हुए हैं आज शाम तक लगभग पचास से अधिक गाडियां अपनी इच्छा से उस स्थल पर गाड़ी खड़ी कर हड़ताल को समर्थन कर रहे हैं उन सभी का एक स्वर में कहना है कि इस तरह के कानून को तुरंत वापस ले लेना चाहिए। इस हड़ताल से ट्रको के पहिए थमे हुए हैं। यूनियन के सदस्यों ने बताया कि इस स्थल पर वाहन पार्किंग करने वाले ड्राइवर साथियों के नाश्ते, खाना का भी



उचित प्रबंध किया गया है जिससे उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। इधर प्रकाश सूर्यवंशी का कहना है कि सभी ड्राइवर एकजुट होकर सरकार के इस कानून को वापस लेने का आवेदन सौंप दिए हैं। छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता यूनियन का मैं एक सदस्य हु हमारे द्वारा यहां जो ड्राइवर साथी बाहर हैं और अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाए हैं उनके पार्किंग तथा भोजन की व्यवस्था की गई है सभी ड्राइवर यहां गाड़ी पार्क कर यूनियन के मांग का समर्थन कर रहे हैं।

# उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव हुआ ध्वस्त

### बच गई पामगढ़ जनपद उपाध्यक्ष की कुर्सी



मतदान के दौरान जनपद के बाहर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

जनपद पंचायत पामगढ़ में उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया। सम्मिलन में 20 सदस्य शामिल हुए, इस दौरान पक्ष में 16 और विपक्ष में चार मत पड़े। इस तरह से पक्ष में एक मत कम पडने से अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया और उपाध्यक्ष की कुर्सी बच गई।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत पामगढ़ में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन किया था। जिस पर नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ और अविश्वास प्रस्ताव पास होने पर अध्यक्ष की कुर्सी भी चली गई। वहीं दूसरे दिन मंगलवार 2 जनवरी को उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन हुआ। सम्मिलन में 24 सदस्यों में से 20 सदस्य उपस्थित हुए और अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतों की गणना हुई तो इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत पड़े। जबकि विपक्ष में चार मत पड़े। अधिकारियों के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव पास होने के लिए 17 मतों की आवश्यकता थी, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत ही पड़े। ऐसे में एक मत कम होने पर जनपद सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया और जनपद उपाध्यक्ष की कुर्सी बच गई।

## अवैध उत्खनन में लगे चैन माउंटेन परिवहन करते चार ट्रैक्टर जब्त


अवैध उत्खनन में लगे जब्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

महानदी मिरौनी में अवैध रूप से चैन माउंटेन लगाकर उत्खनन करते हुए खनिज विभाग द्वारा मशीन को जब्त कर सील किया गया साथ ही परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है।

संचालक इंद्रवती भवन रायपुर के निर्देश व कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग सक्ती के द्वारा नदी में चलते हुए मशीन को जब्त कर सील किया गया है और आगे वाहन मालिकों से जुर्माना की राशि भी वसूली जाएगी। हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिरौनी महानदी मे इन दिनों रेत माफिया द्वारा धड़ल्ले से रेत खनन का काम कर रहे हैं, लेकिन ज्यादा से ज्यादा रेत निकालकर फायदा कमाने के चक्कर में खुलेआम शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे।

- मिरौनी महानदी में धडल्ले से हो रहा अवैध उत्खनन

जिस पर खनिज विभाग की टीम ने छापा मारी। इस दौरान अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए मिरौनी महानदी से मशीन जब्त किए गए है। क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की कार्यवाही लंबे समय से चल रही थी जिस पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन का प्रकरण बनाया गया है। खनिज विभाग सक्ती के टीम द्वारा दबिश दी और वहां रेत उत्खनन कर रहे एक मशीन व परिवहन करते चार ट्रैक्टर को जप्त की कार्यवाही करते हुए वाहनों को नजदीकी थाने के सुपुर्द कर आगे वाहन मालिकों से जुर्माना की राशि वसूली जाएगी।

### नाबालिग से छेडछाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका के साथ छेडछाड करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरमाल का है। इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका 31 दिसंबर को शाम करीब 7 बजे के आस पास अपने घर पर अकेली थी, तभी नरेन्द्र बरेठ द्वारा छेडखानी करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना बम्हनीडीह में धारा 354 भादवि. 12 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर दिनांक 2 जनवरी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## आपरेशन पूर्व टेस्ट के दौरान 46 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

**खास बात**

- मृतक का होगा पोस्टमार्टम, पुलिस जांच में जुटी

नगर के स्टेशन मार्ग स्थित नायक मेटरनिटी एण्ड सर्जिकल सेंटर में मंगलवार 2 जनवरी की सुबह जांजगीर के समीपी ग्रांम सरखों से पैर की उंगली के फ्रेक्चर का आपरेशन कराने आये 46 वर्षीय युवक धनंजय साव की रिएक्शन से कथित रूप से मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन के हंगामे के पश्चात मामले मे पुलिस ने दखल देकर पंचनामा कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल जांजगीर भिजवाया है।


अस्पताल में हंगामा मचाते परिजन।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरखों थाना जांजगीर निवासी अभय साव का 46 वर्षीय पुत्र धनंजय साव सोमवार 1 जनवरी को पैर की उंगली में फ्रेक्चर होने के कारण उपचार के लिए स्टेशन रोड स्थित नायक मेटरनिटी एण्ड सर्जिकल सेंटर आया था। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें आपरेशन कराये जाने की सलाह दी। मंगलवार 2 जनवरी को वे अपने परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे जहां आपरेशन पूर्व उनका एंटीबायोटिक का टेस्ट किया गया। जिसके चलते उन्हें कथित रूप से रिएक्शन हो गया। इसके बाद मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की लेकिन अंततः सुबह 10.30 बजे उनकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद मौजूद परिजन ने हंगामा कर दिया। मामले की सूचना पर नगर निरीक्षक मनीष सिंह परिहार मौके पर सदलबल पहुंचे और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल जांजगीर भेजा है। वहां से शव विच्छेदन रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बीच सड़क पर खड़े ट्रक को पुलिस ने बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लापरवाही पूर्वक बिर्रा चौक बीच रोड में खडे किए वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 2 जनवरी को थाना बिर्रा चौक में वाहन चालक मुकेश कुमार यादव उम्र 35 साल निवासी पोड़ी जिला सीधी मध्यप्रदेश द्वारा ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम



जब्त ट्रक के साथ चालक।

1044 को लापरवाही पूर्वक खड़ा कर दिया था। जिसमें लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। आरोपी चालक के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से थाना बिर्रा में धारा 283 भादवि का कायम किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही पर उपनिरीक्षक कृष्ण पाल सिंह, रघुवीर यादव, सनोहर जगत का विशेष योगदान रहा है।

## चक्काजाम व बस में तोडफोड़ करने वाले 6 आरोपी पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क हादसे के दौरान मौत हो जाने पर मुआवजा राशि की मांग को लेकर कुछ लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। इसके अलावा बस में तोडफोड़ भी की थी। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- सेमरा में 30 दिसंबर को हुए हादसे में चली गई थी एक की जान

मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा का है।

इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को नवागढ़ क्षेत्र में बस से एक्सीडेंट होने से मौके पर ही एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। इस बात को लेकर कुछ लोग के द्वारा बीच रास्ता को लकड़ी रखकर मुआवजा राशि की मांग कर चक्का जाम किए थे और बस को तोड फोड़ कर रहे थे। इसके अलावा गाली गलोच करते हुवे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिससे रास्ते में आने जाने वाले लोगो को परेशानी हो रही थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 01/ 2024 धारा 147,149, 341,427,294,506 भादवी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने रघुपाल सिंह उम्र 44 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़, मान सिंह उम्र 45 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़, भरत सिंह उम्र 34 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़, राहुल सिंह उम्र 23 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़, शंकर उम्र 40 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़ एवं विकास सिंह उम्र 33 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़ के खिलाफ आरोपीयो के विरुद्ध धारा 147,149, 341, 427, 294, 506, भादवि के तहत की गई कार्यवाही की गई थी। विवेचना दौरान उपरोक्त आरोपियों को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना एवम जुर्म स्वीकार करने पर 2 जनवरी को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश सेडे, सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल दिवाकर, आरक्षक जनक कश्यप, टुकेशवर और थाना नवागढ़ का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### विशेष अभियान चलाकर पुलिस को भेजा गया था दिगर प्रांत

# महीने भर के भीतर 256 गुम इंसानों को पहुंचाया परिजनों तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विशेष अभियान चलाकर पुलिस प्रशासन द्वारा महीने भर के भीतर 256 गुम इंसानों को दिगर प्रांत जाकर सकुशल खोज निकालने में सफलता प्राप्त की है। अफसरों ने 256 गुम इंसानों को उनके परिजनों से मिलवाया है। इधर परिवार से मिलने के बाद उनमें खुशी का माहौल है।

ज्ञात हो कि बीते दिसंबर माह के दौरान जिला पुलिस जांजगीर द्वारा अभियान के तहत जिले के 256 गुम महिला व पुरुष एवं गुम बालक बालिकाओं को पतासाजी कर बरामद करने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार 1 दिसम्बर 2023 से थाना चौकी स्तर पर विशेष अभियान टीम गठित कर गुम महिला पुरूष एवं अपहत बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु दीगर राज्य एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में पुलिस टीम को भेजा गया था। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा गुम इंसान एवं अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें अभियान के तहत 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक में जिले में गुम बालक बालिका, गुम महिला। पुरूष की दस्ताया हेतु थाना चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों के द्वारा जम्मू कश्मीर, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, आगरा एवं अन्य राज्यों से तथा छ.ग. के अलग-अलग जिलों से बरामद कर दस्तयाब किया गया है। जिसमें थाना जांजगीर 47, चौकी नैला 09, बलौदा 16, चौकी पंतोरा 04, अकलतरा 36, मुलमुला 26, पामगढ़ 27, शिवरीनारायण 30, नवागढ़ 26, थाना बिर्रा 06, बम्हनीडीह 3, सारागांव 4 चाम्पा में 22 इस प्रकार माह दिसम्बर एक माह में जिले में 256 गुम बालक बालिका, गुम महिला एवं पुरुष को बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इधर गुम इंसान अपने परिजनों से मिलने के बाद उनके चेहरे पर खुशी साफ दिखाई पड़ रही है। जिला पुलिस द्वारा लगातार गुम इंसान की पतासाजी कर दस्तयाब किया जा रहा है।




पुलिस के साथ दस्तयाब गुम इंसान।

## खबर संक्षेप



### चलचित्र के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम मुढ़ाली व कटसीरा में, जनपद पंचायत करतला के गिधौरी व दादरकला में, विकासखण्ड कोरबा के लबेद, डूमरडीह, गिरारी व गितकुंवारी में, पोड़ी-उपरोड़ा जनपद के पोड़ीखुर्द व रोदे/फुलसर में एवं पाली जनपद के ग्राम भंडारखोल और लाफा में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

### उद्योग मंत्री का स्वागत किया आईटीआई अप्रेंटिस संघ ने



**कोरबा।** वाणिज्य उद्योग श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से राष्ट्रीय आईटीआई अप्रेंटिस संघ ने मुलाकात कर उनका स्वागत करते हुए संघ के कार्यों और उनसे संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री ने संघ के अध्यक्ष सुशील निर्मलकर से आईटीआई अप्रेंटिस के संबंध में चर्चा की। श्री निर्मलकर ने उद्योग मंत्री को बताया कि एसईसीएल में बड़ी संख्या में अप्रेंटिस के पद खाली हैं लेकिन कोल इंडिया इस पद पर भर्ती न कर आउट सोर्सिंग से भर्ती कर रहा है। जिससे आईटीआई अप्रेंटिस करने वाले बेरोजगार घूम रहे हैं। यही स्थिति एसईसीएल के अलावा अन्य औद्योगिक उपक्रमों की भी है वहां भी अप्रेंटिस की मांग नहीं मानी जा रही है। श्री देवांगन ने आश्वस्त किया कि वह संघ की समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

### लाईफ इन क्राईस्ट चर्च में प्रभु ईशु का जन्मदिन

**कोरबा।** संसार में प्रेम और भाईचारा का संदेश देने वाले प्रभु ईशु के अनुयाइयों ने एक दूसरे को प्रेम संदेश बांटकर सोमवार को प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया। मसीही विश्वासियों ने इस अवसर पर जिले के दर्जनों गिरजाघरों को रंग रोगन और आकर्षक लाइटों से सजाया। चर्च में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। वहीं शांता क्लाज के साथ प्रभु यीशु मसीह की झांकी भी सजाई गई। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव खुशियां और नववर्ष के आनंदित अवसर पर लाईफ इन क्राईस्ट चर्च के सदस्यों ने उरगा थाने के सभी पुलिस स्टाफ से सोमवार सुबह मुलाकात कर मिठाई, गिफ्ट बांट कर क्रिसमस और न्यू इयर सेलीब्रेट किया। इस शुभावसर पर पास्ट.राजेंद्र मसीह, पास्ट राजेंद्र प्रधान, पास्ट. अरविंद भारद्वाज, पास्ट. किंडो, पास्ट. अमन दास, सत्येंद्र निराला, राजेश कुजूर,रामगोपाल मनहोत्रा, विनोद सिदार, रंजीत किस्पोट्टा, कुसुम भारती, ऋतिक मसीह, विजय मेश्राम, आकाश निराला. विशेष रूप से मौजूद रहे।

### सेलिब्रेट करने 2 करोड़ की शराब पी गए मदिरा प्रेमी

**कोरबा।** वर्ष 2023 को अलविदा कहने और 2024 के आगमन के लिए लोगों ने जोर शोर से तैयारी की थी। वहीं इस जश्न को सेलिब्रेट करने के लिए लोगों ने जमकर शराब की खरीदी की। रविवार को शराब दुकानों में भारी भीड़ नजर आई। जिसका असर यह हुआ कि एक दिन में ही 1 करोड़ 85 लाख रुपए का शराब जिलेवासी गटक गए हैं। जिससे आबकारी विभाग 1 दिन में ही मालामाल हो गया है। उल्लेखनीय है कि नए साल का जश्न मनाने के लिए मनाने के लिए लोगों ने पहले से ही खूब तैयारी की थी। शहर के अलग अलग स्थानों को सजाया गया था तो पिकनिक स्पॉट भी गुलजार नजर आए। नए साल के मोके पर मुर्गा, मछली मार्केट में भी भारी खरीददार नजर आए। सबसे ज्यादा नॉनवेज मार्केट में रविवार को भीड़ देखने को मिली। बताया जाता है कि मुर्गा खरीदने के लिए लोगों को लाइन लगाना पड़ रहा था। दुकानों में भारी भीड़ नजर आ रही थी और इसी तरह मछली के बाजार का भी यही हाल रहा। मछली खरीदने के लिए भी लोगों को काफी इंतजार करना पड़ रहा था।



## शाम 6 बजे के बाद शुरु होती थी तकनीकी क्लास

# अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स के बंद होने का मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कामगारों को तकनीकी शिक्षा का डिप्लोमा देने के लिए राज्य शासन ने सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत की थी। जिसके पहले तो बेहतर रुझान नजर आए और सभी

**खास बात**

- रूमगरा पालिटेक्निक कॉलेज में तीन साल से खाली जा रही सीटें

सीटें फुल रहती थी लेकिन बीते तीन साल से कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वालों की संख्या लगभग नगण्य हो गई है। स्थिति यह हो गई है कि अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स बंद करना पड़ सकता है।

विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नियमित और ठेका कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए जिनके पास किसी तरह की तकनीकी शिक्षा का डिप्लोमा नहीं था ऐसे कामगारों के लिए सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स शुरु किया था। जिसके शुरुआती दौर में यह स्थिति थी कि कोर्स की सभी सीटें फुल रहा करती थी लेकिन बीते तीन वर्ष से कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स की सीट खाली जा रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के ही अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स चल रहे हैं जिनके लिए 60-60 सीटें प्रवेश के लिए रखी गई है। किंतु बीते तीन वर्ष से दोनों डिप्लोमा कोर्स की 120 सीट में आधी भी नहीं भर पा रही हैं। स्थिति यह है कि अब अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स बंद होने की स्थिति आ गई है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन इस बात को नकारता है किंतु बीते तीन वर्ष से इन दोनों कोर्स के लिए कोई कामगार प्रवेश लेने नहीं आ रहे। इस बात को प्रबंधन जरुर स्वीकारता है। उनका कहना है कि प्रवेश चालू है लेकिन लोगों में अब रुचि ही नहीं रही। इसलिए सीट खाली जा रही है। कोरबा पॉलिटेक्निक कॉलेज में नियमित कक्षाएं भी चल रही हैं। जिसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के अलावा इंस्टुमेंशन एंड टेली कम्युनिकेशन के ट्रेड चल रहे हैं जहां वर्तमान में 180 छात्रों ने प्रवेश लिया है।



फाइल फोटो

**बीई की डिग्री में भी नहीं मिल रहे छात्र**

जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज आईटी कोरबा में भी प्रवेश के लिए छात्र नहीं मिल रहे हैं। पॉलिटेक्निक कॉलेज की भी बीते दो वर्ष से सभी ट्रेड की सीट पूरी नहीं भरी थी। इस वर्ष ही सभी 180 सीटों में पहली बार प्रवेश हुआ है। दो वर्ष से 180 सीट के लिए भी छात्र नहीं मिल रहे थे। कमोबेस इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रबंधन को अपने यहां संचालित ट्रेड में प्रवेश के लिए छात्रों को खोजना पड़ रहा था। जब नियमित ट्रेड के लिए छात्र नहीं मिल रहे हैं तो ऐसे में अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स का नियमित रुप से चलना मुश्किल हो गया है।

**नहीं आ रहे छात्र**

पॉलिटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल दो ट्रेड के लिए अंशकालीन डिप्लोमा कोर्स चालू है। 60-60 सीटें रखी है लेकिन बीते तीन वर्ष से इनके लिए कोई छात्र नहीं मिल रहे हैं।

-मुरारी महतो,
प्रोग्रामर, पॉलिटेक्निक कॉलेज रुमगरा

# कुसमुंडा मुख्यालय के सामने भूविस्थापितों ने रोजगार के लिए किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

भूविस्थापित किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार देने की मांग को लेकर सोमवार को कुसमुंडा

**खास बात**

- नियमित रोजगार की मांग को लेकर भूविस्थापितों का जारी है आंदोलन

एसईसीएल मुख्यालय के सामने भूविस्थापितों ने अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया और नए साल के पहले दिन ही अपने संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। इसी के साथ उनके अनिश्चितकालीन धरना के 791 दिन पूरे हो गए हैं।

आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि कुसमुंडा कोयला खदान विस्तार के लिए 1978 से 2004 तक जरहाजेल, बरपाली, दुरपा, खम्हरिया, मनगांव, बरमपुर, दुल्लापुर, जटराज, सोनपुरी, बरकुटा, गेवरा, भैसमाखार आदि गांवों में बड़े पैमाने पर हजारों किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। उस समय एसईसीएल की नीति भूमि के बदले रोजगार देने की थी, लेकिन प्रभावित परिवारों को उसने रोजगार नहीं दिया तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार है न कि भूविस्थापित किसान। बाद में यह नीति बदलकर न्यूनतम 2 एकड़ भूमि के अधिग्रहण पर एक रोजगार देने की बना दी गई। इस अधिग्रहण से प्रभावित अधिकांश किसान रोजगार मिलने के हक से वंचित हो गए। एसईसीएल की इस नीति के खिलाफ और सबको रोजगार देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा और रोजगार एकता संघ द्वारा मिल–जुलकर पिछले दो साल से आंदोलन किया जा रहा है। इस बीच कई बार खदान बंद आंदोलन भी किया गया, जिसमें सोलह आंदोलनकारियों को जेल भी भेजा गया था लेकिन दमन के आगे न झुकते हुए आंदोलन जारी है। आंदोलन के चलते प्रबंधन को झुकते हुए 22 भूविस्थापितों को रोजगार देना भी पड़ा है अभी भी सैकड़ों भूविस्थापित किसान रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सभी भूविस्थापित परिवार के एक सदस्य को रोजगार मिलने तक संघर्ष और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह ठकराल, रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव, जय कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।

## अखबार वितरक बीमा व पेंशन का उठा सकते हैं लाभ

**कटघोरा।** छग अखबार वितरक संघ कटघोरा इकाई द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर शहर कटघोरा बस स्टैंड के पास केक काटकर मनाया। इस अवसर पर छग अखबार वितरक संघ ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा जारी ई-श्रम पोर्टल जारी किया गया है, जिसमें अखबार वितरकों के लिए भी असंगठित मजदूर के रूप में बीमा पेंशन, अन्य श्रम कल्याण योजनाओं का लाभ मिलेगा इसके लिए स्वयं या अन्य अखबार वितरकों को प्रेरित करपंजीयन जल्द से जल्द कराए ताकि प्रदेश व केंद्रीय शासन द्वारा घोषित योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को मिल सके। इस अवसर पर छग अखबार वितरक संघ कटघोरा इकाई अध्यक्ष कन्हैया लाल, उपाध्यक्ष विजय दास, सचिव श्रवण, संरक्षक अरविंद साहू, रोसन दास, यूराज, प्रिंस, कान्हा, बाबी, अमन, सुनील, दुर्गा आदि उपस्थित थे।

### वॉकी टॉकी की खरीदी कर बन गए थे क्राइम ब्रांच के नकली अफसर, दो गिरफ्तार



**कोरबा।** दो शातिर युवकों ने ऑनलाइन मार्केट से वॉकी टॉकी की खरीदी कर ली थी और शहर के इलाके में पहुंचकर अपने आपको क्राइम ब्रांच का अफसर बताते हुए लोगों को डरा धमकाकर पैसे की उगाही कर रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस के अफसरों को मिली तो उन्होंने तत्काल मौके पर दबिश दी और क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर वसूली करने वाले दो युवकों को धरदबोचा। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगोईबछेरा निवासी पुरुषोत्तम पटेल 35 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद पटेल ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई कि 31 दिसंबर की शाम 4 बजे सुरेंद्र वैष्णव एवं सुरेंद्र राठौर नाम का व्यक्ति अपने आपको क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों को डरा धमका कर रकम की मांग कर रहे थे। पुरुषोत्तम पटेल की शिकायत पर थाना प्रभारी कोतवाली अभिनवकांत, मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू एवं साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार कर उक्त आरोपियों का धरपकड़ किया गया। आरोपी सुरेंद्र वैष्णव से 220 रुपए नगद तथा आरोपी सुरेंद्र राठौर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नाग वॉकीटॉकी को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## कप्तान ग्राउंड जीरो पर डटे रहे, नहीं हुई कोई बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को दो दिन पहले ही अलर्ट मोड पर ला दिया था और घटना दुर्घटना ना हो इसके लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सड़क पर डटे रहने का फरमान जारी किया था। 31 दिसंबर की शाम से ही पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला अलर्ट मोड पर नजर आए और वे देर शाम को शहर के उपनगरीय क्षेत्र दीपका, कुसमुण्डा व हरदीबाजार क्षेत्र के पेट्रोलिंग पर रहे जिसके बाद वे शहर में अलर्ट नजर आए और थानेदारों से लगातार संपर्क कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि 31 दिसंबर की रात पुलिस कप्ताप जितेंद्र शुक्ला स्वयं रात 3 बजे तक ग्राउंड जीरो पर डटे रहे जिसका नतीजा रहा कि जिले में कोई भी सड़क हादसे में मौत नहीं हुई और ना ही कोई बड़ी मारपीट जैसी घटना हुई है।

नए साल को जश्न के रूप में मनाने के लिए लोग अपने-अपने तरीके से इंतजाम करते हैं। खासतौर पर 1 जनवरी के दिन पर्यटन केद्रो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। लोग ऐसे में शराब पीकर वाहन दौड़ाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते है और कई बार लोगों की मौतें भी हो जाती है ऐसे में नए साल का जश्न बदरंग हो जाता है।ऐसे में कोई घटना दुर्घटना ना हो और आम लोग बेहतर तरीके से इस जश्न को सेलिब्रेट कर सके इसके लिए पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने विशेष पहल की थी जिसके चलते शहर में कोई भी बड़ी घटना दुर्घटना सामने नहीं आयी और बहुत शांति से नए साल का जश्न संपन्न हो गया जिसमें पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की महती भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 अलविदा और वर्ष 2024 को सेलिब्रेट करने के लिए तैयारी की गई थी तो वहीं दूसरी ओर जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र सतरेंगा, बुका, देवपहरी, झोराघाट, गोल्डन आईलैंड, चैतुरगढ़ सहित अन्य स्थल में लोगों की भारी भीड उमड़ी थी। पर्यटन केंद्र में आम लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और लोग इस खुशी को बेहतर ढंग से मना सके इसके लिए पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने विशेष पहल की थी।

**280 चालकों पर हुई कार्यवाही**

इसी तरह शहर में भी कोई बाइक व चार पहिया वाहन में शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात पुलिस में शहर में एक्शन में आ गई है। शहर के अलग-अलग चौक चौराहों मे यातायात एएसआई मनोज राठौर और उनकी टीम लगातार वाहनों की जांच कर रही है। जिसमें तीन सवारी बैठकर फराटे भरने वाले बिना हेलमेट के बाइक दौड़ने वाले शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को जमकर सबक सिखा रही थी। पिछले 3 दिनों के दौरान पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत कुल 285 चालकों पर कार्यवाही की है।

### कटसीरा एवं धंवईपुर में किया गया शिविर का आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।







## नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली के प्राचीन शिवालय और चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में सोमवार को नववर्ष के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए साल का पहला दिन भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया। नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट और देव स्थल लोगों से गुलजार रहे।

नव वर्ष 2024 के पहले दिन पाली के ऐतिहासिक पुरातात्विक व प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना और दिनभर खीर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। शाम को दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया। नौकोनिया तालाब के शिवघाट पर विगत 8 माह से हर महीने के प्रथम सोमवार को गंगा आरती की तर्ज पर शिव सरोवर आरती किया गया। संयोग से वर्ष का प्रथम दिन सोमवार पड़ा। शाम को 5 बजे शिव मंदिर घाट और मंदिर में दीप प्रज्वलन करने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुँचे। जिन्हें प्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने शिव मंदिर सहित हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर, माँ शक्ति दाई मन्दिर में दर्शन पूजन का लाभ उठाया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी तरह चैतुरगढ़ में आदिशक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में भी माता के दर्शन करने भक्तों की भीड़ जुटी रही। ट्रस्ट की ओर से भोजन प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में 11 सौ दीप प्रज्वलित किए गए। यहां भी माता की विशेष पूजा अर्चना हुई और प्रसाद वितरित किया गया। लोग यहां माता के दर्शन पूजन के साथ चैतुरगढ़ की प्राकृतिक छटा का आनंद उठाया।

### डीएसपीएम मनाया गया नववर्ष



**कोरबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे निष्ठावान कर्मी गौरवमयी परम्परा के अनुसार विद्युत उत्पादन कर अपना बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, एलएन सूर्यवंशी, आशीष श्रीवास्तव, संजीव कंसल उपस्थित थे। संचालन मुख्य रसायनज्ञ सह वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार द्वारा किया गया।











# हिरानी अब 'मुन्नाभाई 3' की स्क्रिप्ट पर कर रहे काम...

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए चर्चा में हैं। उनकी सफल फ्रैंचाइजी 'मुन्नाभाई' के तीसरे भाग का भी दर्शकों को इंतजार है। खबर आई थी कि तीसरे भाग का नाम 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' होगा। अब हिरानी ने खुद 'मुन्नाभाई 3' को लेकर जानकारी दी कि वह भी यह फिल्म बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भी यह फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं लंबे समय से स्क्रिप्ट को लेकर जूझ रहा हूं। मेरे पास 'मुन्नाभाई 3' के कई अधूरी स्क्रिप्ट हैं। संजू भी मुझे फोन करते रहते हैं और कहते हैं कि यह फिल्म बनाइए। उन्होंने कहा मैं और संजू किसी दिन यह फिल्म जरूर बनाएंगे।

## लाइफ Style

# सनी
## अब नाम नहीं, काम को देंगी तवज्जो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनी लियोनी अब तक कई फिल्मों में दिख चुकी हैं। पिछले कुछ समय से वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी को लेकर चर्चा में रहीं, जो दुनियाभर के मशहूर फिल्म महोत्सवों में शामिल हुई।

सनी पिछले कुछ समय से अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ 'कोटेशन गैंग' नाम की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में सनी बोलीं, अब स्टार बनना मेरी प्राथमिकता नहीं रही। स्टारडम का लालच खत्म हो गया है और अब मैं अच्छे किरदार और कंटेंट पर ध्यान दे रही हूं। मैं किसी भी फिल्म की स्टार नहीं बनना चाहती।

उन्होंने कहा, मुझे फिल्म की लीड हीरोइन होने का ठप्पा खुद पर नहीं लगाना, बल्कि इसकी बजाय मैं फिल्म का वो हिस्सा बनना पसंद करूंगी, जिसके कुछ मायने हों और मकसद हो। अब उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, वो 10-15 साल पहले की बात थी, जब लोग कहते थे कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे काम नहीं करना चाहिए या काम नहीं मिलेगा। जिन्हें पहले लगता था कि उनके दिल लद गए हैं, अब वो भी पर्दे पर दमदार वापसी कर रहे हैं। सनी के मुताबिक, 'कोटेशन गैंग' को भी उनकी फिल्म नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इसमें उनकी भूमिका उनके लिए खास जरूर है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सनी गैंगस्टर बनी हैं। यह गुंडों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा जीत चुके अभिनेता नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विल्किंसन ने कुल मिलाकर 130 से अधिक फिल्म में काम किया है। उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें साल 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला था। वहीं 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था। वहीं 2008 की मिनी-सीरीज जॉन एडम्स में अमेरिकी राजनीतिक व्यक्ति बेंजामिन फ्रैंकलिन की भूमिका निभाने के लिए एमी और द केनेडीज में जॉन एफ कैनेडी के पिता जो की भूमिका के लिए एमी नामांकन भी अर्जित किया।



# परिवार के साथ मनाया क्रिसमस फिर अजीब तरीके से की आत्महत्या

**हांगकांग।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बुरी खबर सामने आई है। हांगकांग की लोकप्रिय अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन की अचानक आई मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने के एक दिन बाद 26 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय एक्ट्रेस को उसके चार बेटों में से एक ने कमरे में बेहोश पाया, जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल ले जाया गया। सामने आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस ने अपने कमरे में लकड़ी का कोयला जलाया और उसके धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा उसने अंजाने में नहीं बल्कि आत्महत्या करने के लिए किया। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यिन ने अपनी जान लेने से पहले अपने पति डॉ. एंगस हुई को भेजे एक संदेश में एक्ट्रेस ने कहा था कि वह अगले जन्म में अपने पति से मिलेंगी।



# जिंदगी बस गुजरता हुआ एक दौर...

**मुंबई।** कंगना रनौत इस साल भी बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। इस साल बड़े पर्दे पर उनकी फिल्मों ने ज्यादा कमाल नहीं किया, लेकिन वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। बड़ी फिल्मी हस्तियों पर वह लगातार कटाक्ष करती रहीं। इस साल उनकी राजनीति में आने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा था। उन्होंने बीते साल से मिली सीख के बारे में बताया। कंगना ने कहा कि जिंदगी बस एक गुजरता हुआ दौर है। हमें यह बात समझनी चाहिए। बता दें कि इस साल कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित होगी। फिल्म में वह इंदिरा के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी जैसे सितारे नजर आएंगे।



# फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। जनवरी 8 को #देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।' कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 17': निर्माताओं ने अनुराग को दिखाया घर से बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** रियलिटी 'बिग बॉस 17' जैसे-जैसे फिनाले के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे दर्शकों का रोमांच बढ़ता जा रहा है। घर के अंदर होने वाले तमाशे के अलावा हर हफ्ते होने वाले एविक्शन पर दर्शकों की खासा नजर रहती है। इस वीकेंड के वार पर घर के 2 प्रतियोगी रिंकू धवन और नील भट्ट शो से बाहर हो गए। अब नए साल के जश्न के बीच निर्माताओं ने अनुराग डोभाल को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

***घर के सदस्यों ने किया अनुराग को नॉमिनेट :*** रिंकू और नील के बाद अब जिस सदस्य का सफर शो से खत्म हो चुका है, उसका नाम अनुराग डोभाल है। वह शो से बाहर हो गए हैं। इस खबर की जानकारी 'बिग बॉस' के फैन पेज 'बिग बॉस तक' ने दी है। शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें ज्यादातर सदस्य अनुराग को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' जियो सिनेमा और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति में सारा ने की खूब मस्ती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा अपने लाइफस्टाइल और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में पहुंचीं, तो वहां भी अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखीं। उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ खूब हंसी-ठिठोली की। 'केदारनाथ' फेम एक्ट्रेस अपनी दादी और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ रियलिटी शो के फिनाले एपिसोड में दिखीं। अमिताभ बच्चन ने हॉट सीट पर दोनों का स्वागत किया। सारा अली खान से अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपके 'आत्मविश्वास' से प्रभावित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप आज करोड़ों रुपये जीतेंगे और जिस खास उद्देश्य के लिए आप दोनों आज खेलेंगे, यह उसी के लिए दान किया जाएगा। सारा, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। उनके दादा-दादी मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर हैं। सैफ और अमृता ने 2004 में अलग होने की घोषणा की थी। सैफ ने 2012 में एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ दूसरी शादी की थी। उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं। काम की बात करें तो, सारा अली खान के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों', जगन शक्ति का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और 'मर्डर मुबारक' है।



# जॉन ने मुंबई में खरीदा आलीशान बंगला

**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने मुंबई के खार में एक आलीशान बंगला खरीदा है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, इस घर की कीमत 71 करोड़ रुपये है। यह संपत्ति लिंकिंग रोड में स्थित है, जो ग्राउंड के साथ दो मंजिल के साथ आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉन ने 27 दिसंबर को यह समझौता किया था। इस संपत्ति का स्वामित्व पहले 81 वर्षीय प्रवीण नाथलाल शाह के पास था, जो वर्तमान में अपने परिवार संग अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं।

### मुंबई के बांद्रा में भी खरीदा आलीशान अपार्टमेंट

जॉन ने अभी तक इस खरीदारी की खबर की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था। उनका यह घर दो फ्लैटों को एक साथ मिलाकर दो मंजिलों पर डिजाइन किया गया है। इसमें एक निजी छत भी है, जहां से अरब सागर का नजारा दिखता है। जॉन का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक शानदार बिजनेसमैन भी हैं। उन्हें रियल एस्टेट में समझ रखने वाला माना जाता है।

### ये हैं जॉन की आगामी फिल्में


जॉन के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था तो वहीं दुनियाभर में यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। आने वाले दिनों में शाहरुख 'तेहरान', 'तारिक' और 'वेद' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।



# अक्षय व टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख आई सामने ...

*मुंबई। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पिछले लंबे समय से चर्चा में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं। अब अक्षय ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइगर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ अक्षय ने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।*

***कब रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'?*** *: अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद 10 अप्रैल, 2024 के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।*



## 'इंडियन पुलिस फोर्स' में सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला

# 'पंचायत 3' से लेकर 'हीरा मंडी' तक, इस साल आएंगी ये चर्चित वेब सीरीज

*मुंबई। इस साल सिनेमाघरों में कई बेहतरीन फिल्मों की धूम रही तो ओटीटी पर कई शानदार वेब सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 2023 में सच्ची घटनाओं पर बनीं वेब सीरीज ने लोगों को बांधकर रखा। अब जब साल गुजरने को है, तो हर क्षेत्र की तरह ही लोग मनोरंजन जगत की ओर भी उम्मीदों से देखकर रहे हैं। इस साल कई वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जो लंबे समय से चर्चा में हैं।*




**'इंडियन पुलिस फोर्स'** : 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए रोहित शेट्टी का कॉप यूनिवर्स ओटीटी पर दस्तक देने जा रहा है। यह सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के करियर की भी पहली सीरीज है। शो में विवेक ओबेरॉय भी नजर आएंगे। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका टीजर जारी हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला है।




**'पंचायत 3'** : ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस वेब सीरीज के पिछले दोनों भागों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'पंचायत 2' में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) और पिंकी के बीच बढ़ रही नजदीकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। अब दर्शक इसके तीसरे भाग में इस प्रेम कहानी को मुकम्मल होते देखना चाहते हैं। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। 2024 में इसका नया सीजन देखना दिलचस्प होगा।

**'मिर्जापुर 3'**: 'मिर्जापुर' ऐसी वेब सीरीज है, जिसने पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी जैसे सितारों को ओटीटी का स्टार बना दिया। अब 'मिर्जापुर 3' दर्शकों के बीच आने वाली है। शो के पिछले 2 भागों ने कालीन भइया और गुड्डु पंडित जैसे किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की शूटिंग खत्म हो चुकी हैं।







**'आश्रम 4'**: 'एनिमल' में अबरार की भूमिका से पहले तक बॉबी देओल 'बाबा निराला' की भूमिका के लिए चर्चा में थे। 'आश्रम 3' के रिलीज होते ही निर्माताओं ने 'आश्रम 4' की घोषणा कर दी थी। प्रकाश झा की यह सीरीज विवादों में भी घिरी थी। इसके पिछले भागों के रोचक प्लॉट ने दर्शकों को बांधकर रखा। 2024 में 'आश्रम 4' का इंतजार है। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' में इस किरदार में बॉबी ने ओटीटी पर अपनी अलग पैठ बनाई है।

**'हीरा मंडी'**: 'हीरा मंडी' के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी पर कदम रख रहे हैं। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जून के बाद रिलीज हो सकती है। उनकी फिल्मों की तरह ही यह वेब सीरीज भी भव्य सेट, आकर्षक कॉस्ट्यूम और चमक-दमक से भरपूर होगी।



## खबर संक्षेप

### भौथिया-कचंदा मार्ग निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सक्ती।** सक्ती जिला के अन्तर्गत जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौथिया से होते हुए सलनी, मलनी ,कचदा रोड़ को बनाने की मांग को लेकर डॉ श्याम चंद्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर पहुंच कर सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन दिया और दर्राभाठा से भोथिया होते हुए सलनी, मलनी मुरलीडीह, कंचदा तक के रोड को अतिशीघ्र बनवाने का मांग की। इस पर मुख्यमंत्री साय ने अतिशीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया।

### कमरीद में गुरुवंदना समारोह एवं वार्षिकोत्सव 6 को

**कमरीद।** स्थानीय विद्यालयों में अध्ययन कर चुके पूर्व छात्रों के द्वारा गुरुवंदना समारोह एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन 6 जनवरी शनिवार को स्थानीय सागर पारा स्थित कन्या प्राथमिक शाला मे किया जा रहा है। उक्ताशय के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों यहां के विभिन्न शालाओं में अध्ययन कर चुके छात्रों की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से सबने मिलकर गुरुवंदना समारोह एवं वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया। उक्त समारोह में यहां पूर्व मे संचालित श्री राम शर्मा उ. मा. वि. ,जनपद प्राथमिक शाला, पूर्व प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला, कन्या प्राथमिक शाला तथा वर्तमान मे शासकीय उ. मा. वि. में सेवारत अथवा सेवा दे चुके समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही यह सत्र 2000 से 2010 तक अध्ययन किये पूर्व छात्र छात्राओं का पुनर्मिलन समारोह के रूप मे यादगार होगा। कार्यक्रम में भव्यता लाने तथा नये पीढी के बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनके मन में गुरुओं के प्रति समान जगाने के लिए संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें कमरीद के शासकीय उच्च. मा. वि. जनपद प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्य. वि., नवीन प्राथमिक विद्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय, तथा जाटा के शासकीय हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय तथा पूर्व माध्य. वि. के छात्र छात्रागण अपनी सहभागिता देंगे। इस कार्यक्रम में इंजीनियर सुनील कश्यप, सरपंच बुधराम कश्यप, जनपद सदस्य देवकुमार यादव तथा जाटा सरपंच अनिता सपन मिरी अतिथि रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, सेना, पंचायत, रेलवे ,कृषि, उद्योग, जनसेवा आदि विभिन्न विभागों में सेवा देने वाले पूर्व छात्र छात्रा सम्मिलित होंगे।

### पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन 11 को

**हसौद।** पुस्तक विमोचन, सम्मान एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मुड़वाभांठा कोसीर रोड रक्सा में गुरुवार 11 जनवरी को होगा। कार्यक्रम में प्रियंका गोस्वामी प्रधान पाठक की किताब पथ की खोज एवं अहसासों के रंग का विमोचन होगा। जगजीवन प्रसाद जांगड़े की शिक्षा के महत्व पर संवेदनशील काव्य दृष्टव्य हैं, जो बिलासा प्रकाशन से प्रकाशित हैं। दूसरी कृति काव्य प्रकृति जो सर्वप्रिय प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़ होगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बी.एल. खरे जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती, एस. एन. भगत जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़, वी.के.सिदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमितेश केशरवानी प्राचार्य मोना मॉडर्न बरमकेला करेंगे। कार्यक्रम में छालीवुड अभिनेता डॉ.सूरज श्रीवास, लोकगायिका डॉ लक्ष्मी करियारे अपनी प्रस्तुति देंगे। विशेष अतिथि में लैलून भारद्वाज, प्रमोद कुमार महेश, विमल कुमार अजगल्ले, पुष्पेंद्र कुमार कश्यप, प्रो.अरविंद कुमार जगदेव, सुनील कुमार भारद्वाज, भोजराम बघेल, चेतनारायण साहू, श्रीमती कुन्ती गोस्वामी रहेंगे।

## नाली का सफाई नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

# कोड़ाभाट का मुख्य मार्ग कीचड़ से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

ग्राम कोड़ाभाट के बाजार चौक से लगे मुख्य मार्ग में नालियों की सफाई नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इसके चलते आवागमन करने वाले लोगों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को कीचड़ में चलने मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने का खतरा भी बना हुआ है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कोड़ाभाट बाजार चौक से मुख्य मार्ग व वार्ड क्रमांक 9 अक्टूबर 11 की गलियों में गौरव पथ के दोनों किनारे नाली बना है, लेकिन नाली का साफ सफाई नही होने के कारण घरों का गंदा पानी मुख्य मार्ग में आयें दिन 3 से 4 इंच पानी भरा है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि समुचें मुहल्ले का पानी मुख्य मार्ग में जाम हो रहा है, गली में ही निकासी हो रहा है। इसके कारण कीचड़ में ही लोगो को आने जाने में भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई बार जनप्रतिनिधि को अवगत कराया जा चुका है उसके बावजूद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सुध तक नही ले रहे है और नही ग्राम सचिव तक को भी गांव की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ग्रामीणों द्वारा गांव की पंचायत प्रमुखों से कई बार नाली की साफ सफाई करने के लिए की मांग किया जा चुका है, फिर भी जिम्मेदार लोगों को गांव की समस्या को सुनने तक की फुर्सत नही है। लंबे समय बीत जाने के बाद भी जनप्रतिंनिधि अब भी उदासीन नजर आ रहे है। बाजार चौक वासियों को मोहल्ला के घरों के पानी का निकासी गली में होने के कारण लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है इसके साथ ही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की पंचायत के जनप्रतिनिधि को अपनी समस्या से कई बार अवगत करा चुके है, बावजूद पहल नहीं हो रही है।


मुख्य मार्ग पर पानी भरने से छात्र-छात्राओं सहित आम लोगों को हो रही परेशानी।

## लंबे समय से मरम्मत नहीं होने से सिवनी-सुखरीकला मार्ग जर्जर

**बहेराडीह।** सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग की हालत इस समय बद से बदतर हो गई है। इस मार्ग की मरम्मत लम्बे समय से नहीं होने के कारण सड़क मार्ग पर लोगों का पैदल चलना भी दुभर हो हो गई है। ग्रामीणों की इस समस्या से प्रशासन को कोई सरोकार नहीं है। सिवनी के ग्रामीण रामाधार देवांगन, उमेंद राठौर ने बताया कि सिवनी सुखरीकला मार्ग से सिवनी समेत बालपुर, बहेराडीह, जाटा, सुखरीकला, सुखरीखुर्द, नवापारा, अमलडीहा, सिधरामपुर, दारंग, बघोदा, देवरी, अमरुवा, कड़ारी समेत दर्जनभर गावों के ग्रामीणों का आवागमन प्रतिदिन होता है। इस मार्ग के मध्य जमड़ी नाला पुल स्थित है, जो सड़क मार्ग से काफ़ी नीचे है। बरसात के समय यह पुल पानी में डूब जाती है। जिससे लोगों का आवागमन बरसात के समय बाधित होता है। बच्चे कई दिनों से स्कूल नहीं पहुँच पाते हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों की इस तरह की समस्याओ को समाधान कर पाने में अब तक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी नाकाम हैं। बहेराडीह के ग्रामीण मुरीत राम यादव, राजाराम यादव व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय आते ही राजनीति से जुड़े नेता लोग हरेक साल सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग का चौड़ीकरण और जमड़ी नाला पुल को ऊपर उठाने के लिए शासन से निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने और टेंडर होने का हवाला देते नहीं थकते। बहरहाल इस मार्ग पर गर्मी के दिनों में लोग धूल से परेशान होते हैं। तो वहीं बरसात के समय में कीचड़ और बाढ़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीणों में इस गंभीर परेशानी को लेकर शासन और प्रशासन के प्रति क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश ब्याप्त है। वैसे ग्रामीणों ने सक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक समेत सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर को उक्त सड़क मार्ग का चौड़ीकरण तथा जमड़ी नाला सड़क पुल को ऊपर उठाने की मांग को लेकर कई बार लिखित रूप में आवेदन दे चूके हैं, फिर भी सिवनी क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या पर अभी तक किसी तरह की कोई ठोस पहल नहीं हुई है।





शिविर में मंचस्थ अतिथि।

## शिविर में अनुपस्थित अधिकारियों पर एसडीएम ने जाहिर की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन बाजार चौक स्कूल चंडीपारा में किया गया। शिविर में नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

■ स्टॉलों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तंबोली ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो इसके लिए आयोजित किया गया है। यहां पर उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राही को मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने शिविर स्थल में सभी विभागों के अनुभाग स्तर के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की और आगामी होने वाले शिविरों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में ग्राम चंडीपारा के प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, ग्राम के सरपंच कमलेश जायसवाल, दिनेश थवाईत, किशोरी कश्यप, शिविर प्रभारी उमेश कोसले, मुकेश गोस्वामी, सचिन उमेंद राम दिनकर, रामखिलावन दिनकर, नरेन्द्र भास्कर, तेरस टण्डन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मितानिन एवं बिहान समूह की महिलाएं तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिद्ध बाबा धाम में राम चरित मानस सुदंर काण्ड पाठ का हुआ आयोजन

**डोंगाकोहरौद।** सिद्ध बाबा सेवा समिति द्वारा ग्राम भिलौनी मे नये साल के स्वागत में पूरे भक्ति भाव से सिद्ध बाबा धाम परिसर भिलौनी मे राम चरित मानस के सुदंर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

■ प्रतिवर्ष संत समागम करने का लिया संकल्प

समिति के बलराम साहू, रोज यादव सचिव नरेन्द्र यादव तथा निलेश साहू मनराखन साहू राज कुमार यादव सोनू साहू रेशम दास मानिकपुरी तथा ग्राम के बैगा बलिस्टर यादव के प्रयास से ग्राम मे सुबह से ही महिलाओं एवं बच्चों इस तरह के प्रथम आयोजन से काफी उत्साह रहा। मानस गायन एवं प्रवचन कर्ताओं मे प्रमुख रूप से गोविन्द शर्मा, कृष्ण लाल यादव, आरती कुमार साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, हरिराम साहू, रूपदास मानिकपुरी, चैनदास भानू, तिवारी राम, खिलावन यादव, बहोरन दास मानिकपुरी एवं जलभरत साहू आदि के द्वारा सुबह 10 बजे से 5 बजे शाम तक सिद्ध बाबा धाम परिसर मे



सुन्दर काण्ड के मार्मिक प्रसंगों का गायन एवं प्रवचन किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा बाबा धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी ब्यवस्था की गई थी। नव वर्ष के स्वागत एवं अभिनंदन के समापन अवसर पर सरपंच रामनाथ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समिति के अध्यक्ष बलराम साहू द्वारा बाबा धाम के जीर्णोद्धार छतदार चबुतरा एवं अहाते के विषय मे चर्चा की। सरपंच द्वारा हर संभव मदद एवं परिसर के सौन्दर्यीकरण के लिये प्रयास रत रहने की बात कही। इस तरह प्रतिवर्ष आयोजन करने सन्त समागम करने का संकल्प लिया गया। जय बाबा सिद्ध बाबा और जय बजरंगी जय हनुमान के नारे एवं जयकारे से कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बड़े रबेली में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह 5 से

**घोघरी।** समीपस्थ ग्राम बड़े रबेली के अंबेडकर चौक में 5 से 7 जनवरी तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास जन जागृति जयंती समारोह का आयोजन किया जावेगा। समिति के अध्यक्ष बुधराम अजगल्ले ने बताया कि इस तीन दिवसीय जयंती समारोह के व्यास पंडित बाबा रामदास लहरे कानपुर वाले, बाबा सखाराम भारद्वाज सरवानी वाले एवं सहयोगी के रूप में बाबा रामगोपाल खुंटे बड़े रबेली होंगे। प्रवचन का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक एवं आरती का समय शाम 6 बजे से 7 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से पूरी रात मंगल गायन एवं पंथी नृत्य का आयोजन होगा। पंथी नृत्य में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय 5 हजार, तृतीय 3 हजार ,चतुर्थ 2 हजार रुपए एवं पांचवा 1 हजार दिया जाएगा। इसी प्रकार मंगल गायन हेतु प्रथम पुरस्कार 5 हजार ,द्वितीय 3 हजार, तृतीय 2 हजार, चतुर्थ 15 सौ रुपए एवं पांचवा पुरस्कार 701 रुपए दिया जाएगा।

## दो माह से टूटी पड़ी है दर्री तालाब की सुरक्षा वाल, कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर पालिका सक्ती के वार्ड नंबर 8 में स्थित ऐतिहासिक महामाया दर्री तालाब की एक किनारे से सुरक्षा

■ स्थानीय प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, आम लोगों में आक्रोश व्याप्त

वाल ढही पड़ी है तो वही वहां की सीसी रोड पूरी तरह से जर्जर और क्रेक हो चुकी है। ऐसे में यहां से आने-जानेवालों के साथ कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे वार्डवासियों सहित वहां से होकर गुजरने वाले आम लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहां के रहवासियों ने प्रशासन से दर्री तालाब की सुरक्षा दीवार का स्थाई समाधान तथा सीसी रोड को नया बनाने की मांग की है।


टूटा तालाब किनारे का सुरक्षा वाल।

विदित हो कि महामाया तालाब सक्ती का बहुत पुराना धार्मिक तालाब है जिससे नगरवासियों की आस्था जुड़ी हुई है। यह वार्ड नंबर 8 में स्थित है, जहां विगत दो माह से तालाब की सुरक्षा दीवाल टूटी हुई है जिसे लेकर न तो नगर पालिका अध्यक्ष का भी ध्यान नहीं है ऐसे में इस तालाब की दुदर्शा की ओर ध्यान नहीं दिया जाना चिंता का विषय है। तालाब के किनारे से जहां दीवार ढह चुकी है यहां से होकर गुजरने वाली सीसी रोड जिससे दिन भर वाहनों का आना जाना लगा रहता है रोड के बीच में बडी बड़ी दरारे आ गईं है जिससे छोटे वाहनों के टायर फसने का खतरा बना रहता है। ऐसे में इस जगह से होकर गुजरना जान को आफत में डालने जैसा है। ऐसे में प्रशासन को जनहित में इस जगह को जल्द से जल्द दुरूस्त करने की आवश्यकता है।

## प्रिंस बना बाल आरक्षक, एसएसपी ने प्रदान की नियुक्ति पत्र

**सक्ती।** प्रधान आरक्षक की मौत के बाद उनके पुत्र को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

**खास बात**

■ प्रधान आरक्षक की सड़क दुर्घटना में हो गई थी मौत

विदित हो कि प्रधान आरक्षक रोहित नेताम पुलिस थाना बम्हनीडीह में पदस्थ थे, जिनकी 16 जुलाई 2023 को सेवा काल के दौरान सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। स्व. रोहित नेताम के परिवार में 1 पुत्र एवं 1 पुत्री है जिनका मुल निवास ग्राम मुडादेवरी थाना पथरिया जिला मुंगेली है जो वर्तमान में मनकादाई मंदिर के पास सारागांव थाना सारागांव जिला जांजगीर चाम्पा में निवासरत हैं। शासन की मंशानुरूप उसके आश्रित पुत्र या पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान है जिसके लिए उसके पुत्र प्रिंस नेताम द्वारा जिला जांजगीर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था किन्तु वहां पद रिक्त न होने के कारण पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज द्वारा अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सक्ती को निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में समस्त औपचारिकताऐं पूर्ण करते हुए मृतक प्रधान आरक्षक रोहित नेताम के पुत्र प्रिंस नेताम को मंगलवार 2 जनवरी को अपने कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम. आर. आहिरे द्वारा बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा प्रिंस नेताम को मन लगाकर अपनी शिक्षा पूर्ण करने के संबंध में संझाईश दी तथा परिवार का हालचाल जाना। इस मौके पर स्व. प्रधान आरक्षक रोहित नेताम की पत्नी श्रीमति रामबाई तथा परिजन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमति गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमति अंजली गुप्ता, रक्षित निरीक्षक उमेश राय, प्रभारी स्टेनो वाई. एन. शर्मा, स्थापना शाखा प्रभारी अमित चंदेल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।


नियुक्ति पत्र प्रदान करते पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे।

## पूर्व मंत्री के पामगढ़ आगमन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व मुंगेली के विधायक पुन्नुलाल मोहिले का पामगढ़ आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। तत्पश्चात

■ बसपा नेता राजेश लहरे व जोगी कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सरयू प्रसाद पूरे ने किया भाजपा प्रवेश

भाजपाइयों ने श्री मोहिले का जोरदार स्वागत कर जन्मदिन की बधाई भी दिए।

इस अवसर पर राजेश लहरे एवं सरयू प्रसाद पूरे ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। इन दोनों नेताओं को पुन्नुलाल मोहिले ने पार्टी का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष गुलाबसिंह चंदेल, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष व विधान सभा क्षेत्र पामगढ़ के प्रत्याशी रहे संतोष लहरे,जिला मंत्री गुरुदयाल पाटले, बिलासपुर के जिला अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश राय, मंडल अध्यक्ष ब्यासनारायण वर्मा, शरद वर्मा, रामकीर्तन कश्यप, मनोहर शास्त्री, तविन्दर सिंह गांधी, कमल साहू, मनोज घोष, रामकली डडसेना, सुखसागर ओग्रे, ओमप्रकाश राठौर सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


पामगढ़ आगमन पर पुन्नूलाल मोहिले का स्वागत करते भाजपाई।

## गुरु के बताए मार्ग पर चलकर परमात्मा को कर सकते हैं प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण सत्संग भवन प्रांगण में दो दिवसीय दिव्य सत्संग और आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन हुआ। दिव्य प्रवचन सुनाते हुए कृष्णानंद महाराज ने कहा कि गुरु के

■ दो दिवसीय दिव्य सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन

बताए मार्ग पर हम परामात्मा को प्राप्त कर सकते है।

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण महानदी किनारे में निर्मित सत्संग भवन प्रांगण में दो दिवसीय दिव्य सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। ब्यास पीठ पर कृष्णानंद महाराज विराजमान रहे। बद्रीनाथ धाम से पधारे सद्गुरु स्वामी कृष्णनंद महाराज ने बताया की मां शबरी की तप, त्याग और श्रद्ध, गुरुओं के प्रति सच्ची निष्ठा के बलपर अनंत वर्ष से भगवान श्री राम के आने व परमात्मा की प्रत्यक्ष दर्शन की दिव्या प्रतीक्षा कलित हुई है और भगवान के दर्शन कर इस सृष्टि में गुरु शिष्य, परंपरा गुरु के वचनों में चलकर परमात्मा को प्राप्त कर लेना या प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने ने कहा हमारे भविष्य वाणी है आने वाले 50 वर्षों में पूरे ब्रह्मांड में सत्य सनातन धर्म की स्थापना होगी जब तक सूर्य चंद्रमा रहेगा तब तक ब्रह्मांड में सनातन धर्म रहेगा क्योंकि सनातन धर्म ही अमर है सनातन का अर्थ ही है पंथ संप्रदाय, नहीं चल चरित्र, चिंतन के धनी आत्मा मोक्ष जगत हित में अपने तन मन को अर्पित कर देना, नर सेवा, नारायण जी की सेवा गुरुदेव ने कहा है पूरे वेद शास्त्र उठा लो कहीं भी ऊंच-नीच भेदभाव नहीं मिलेगा, आप रामायण देख लो भगवान निषाद राज को भारत चौहान भाई तो वही मां शबरी को मां के शब्द से संबोधित किया है। आचार्य संतोष शर्मा ने बताया कि सद्गुरु द्वारा संस्थापि संस्था साध्वी पर समाज सेवा व सदगुरु कबीर यह अपनी सभ्यता संस्कृति को पुनः स्थापित करने के लिए युवा वर्ग को धर्म के प्रति जागरूक रहने हेतु यहां संगठन स्थापना किए हैं। इस बीच बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, रविशंकर जीत,बलराम दामोदर, जितेंद्र, प्रकाश बंसल (बिल्लू) एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

